power plants having an installed capacity of 32,667MW and costing about Rs. 1,04,000 crores. Two proposals for distribution of electricity and one for renovation and modernisation of an existing power station have also been received. . State-wise details are at Annexure. [*See* Appendix 170, Annexure No. 5]. There is considerable diversity in the final price of electrical power indicated by various promoters. While the indicated cost of power of some of the private projects compares favourably with the cost of generating units in the public sector, there are a few proposals in which the indicated cost is higher.

उत्तरी ग्रिड में विद्युत संकट

148. **श्री एस०एस० सुरजेवालाः** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सर्दियों के हाल के महीनों में उत्तरी ग्रिड, विशेष रूप से हरियाणा में विद्युत संकट के क्या कारण रहे हैं;

(ख) उत्तरी भारत, विशेष रूप से हरियाणा में विद्युत उत्पादन और उपभोग में अन्तर को पूरा करने के लिए सरकार कौन-कौन से अल्पकालीन और दीर्घकालीन कदम उठाने का विचार रखती है;

(ग) क्या सरकार यमुना नगर सुपर ताप बिजलीघर और फरीदाबाद गैस आधारित बिजली यूनिट के निर्माण कार्य को प्रारम्भ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक; और

(घ) क्या सरकार पूरे देश में कृषि के लिए एक समान शुल्क दर को लागू करना चाहती है, यदि हां, तो देश के कितने राज्यों में कृषि क्षेत्र में बढ़ाई गई शुल्क दर को लागू किया गया है और उसका ब्यौरा क्या है?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू): (क) चालू सर्दियों के मौसम के दौरान जल के कम अन्तर्बहाव के कारण बीबीएमबी तथा एनएचपीसी के जल विद्युत केन्द्रों से कम उत्पादन और एनटीपीसी के गैस आधारित ताप विद्युत केन्द्रों से कम उत्पादन से उत्तरी ग्रिड पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है। हरियाणा के मामले में अत्यधिक कमी का कारण पानीपत ताप विद्युत केन्द्र का घटिया कार्य निष्पादन था। सर्दी के महने अर्थात् अक्टूबर, 93 से जनवरी, 94 तक की अवधि के दौरान हरियाणा तथा समग्र रूप से उत्तरी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति के ब्यौरे निम्नवत थेः—

(सभी आंकड़े मि०यू० में निवल)

हरियाणा	अक्टूबर, 93	नवम्बर, 93	दिसम्बर, 93	जनवरी, 1994
आवश्यकता	965	900	1000	975
उपलब्धता	887	796	747	863
कमी	78	104	253	112
%	8.1	11.6	25.3	11.5
उत्तरी क्षेत्र				
आवश्यकता	7976	7690	8473	8375
उपलब्धता	7457	7246	7644	7684
कमी	519	444	829	691
%	6.5	5.8	9.8	8.3

(ख) हरियाणा समेत उत्तरी क्षेत्र में विद्युत के उत्पाद तथा खपत के बीच अन्तर को कम करने के लिए अपनाएं जा रहे अल्पकालिक तथा दीर्घकालिक उपायों में नव उत्पादन क्षमता का प्रचलन, अल्पप्रारंभिक अवधि वाली परियोजनाओं का कार्यान्वयन, विभाग विद्युत केन्द्रों का कार्य निष्पादन सुधारना, पारेषण एवं वितरण हानियों

में कमी लाना, मांग प्रबंधन तथा ऊर्जा संरक्षण उपायों का क्रियान्वयन, अधिशेष वाले राज्यों से कमी वाले राज्य को ऊर्जा अन्तरण आदि जैसे उपाय सम्मिलित हैं। आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राज्य तथा केन्द्रीय क्षेत्र में उत्तरी क्षेत्र में (हरियाणा में 988 मे०वा० समेत) 9849.3 मे०वा० नव उत्पादन क्षमता अभिवृद्धि की परिकल्पना की गई है।

(ग) निजी क्षेत्र में यमुना नगर ताप विद्युत परियोजना के निष्पादनार्थ एक प्रस्ताव की ओर अभी ध्यान दिया जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा 400 मे०वा० फरीदाबाद गैस परियोजना की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार की गई है तथा गैस लिकेज की जानी है।

(घ) 8 और 9 जनवरी, 1993 को हुए विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन में एक कार्ययोजना अपनाई गई थी जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह बताया गया था कि 31 मार्च, 1993 से पूर्व कृषि टैरिफ को 50 पैसे प्रति यूनिट संशोधित किया जाए। राज्यों से यथा-प्राप्त उन राज्यों के नामों की सूची दर्शाने वाला विवरण जिन्होंने कृषि टैरिफ 50 पैसे प्रति यूनिट संशोधित की है, संलग्न है।

विवरण

राज्य और संघ शासित क्षेत्र जिनकी संशोधित कृषि टैरिफ 50 पैसे कि०वा० आवर है

1. उड़ीसा
2. मध्य प्रदेश
3. राजस्थान
4. हरियाणा
5. मिजोरम
6. गुजरात
7. दिल्ली
8. महाराष्ट्र
9. पंजाब
10. मेघालय
11. असम
12. त्रिपुरा
13. पश्चिम बंगाल
14. संघ शासित क्षेत्र अंडमान और निकोबार

Thermal Power Station at Hissar

149. SHRI S. S. SURJEWALA: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) whether NTPC is setting up a 1000 MW Thermal Power Station at Hissar in Haryana, if so, the details thereof;

(b) whether the Ministry of Power has cleared the above plant;

(c) whether the various clearances such as coal linkage, rail linkage, etc. have been approved for this plant;

(d) whether the Planning Commission has given clearance for the necessary funds for the construction of this plant;

(e) whether the Ministry has received a number of proposals for setting up of Thermal Plants by the Haryana State Electricity Board; and

(f) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU) (a) The National Thermal Power Corporation (NTPC) has no proposal to set up a thermal power station at Hissar in Haryana.

(b) to (d) Do not arise.

(e) and (f) No proposal for setting up of Thermal Power Plants by the Haryana State Electricity Board is with the Central Electricity Authority.

गुजरात और महाराष्ट्र सरकारों के विद्युत परियोजनाओं के प्रस्ताव

150. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात और महाराष्ट्र सरकारों द्वारा विद्युत परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए भेजे गए प्रस्ताव क्या हैं और साथ ही उन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है जो वर्तमान में केन्द्रीय सरकार के पास मंजूरी के लिए लम्बित हैं;

(ख) इन परियोजनाओं की मंजूरी दिए जाने में विलम्ब होने के क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त परियोजनाओं को कब तक मंजूरी दी जाने की सम्भावना है?